# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

FINAL EXAMINATION 2024-25

CLASS-VIII **SUBJECT- HINDI (3rd LANG.)** MAX. MARKS: 80

Date: 02-03-2025 Time: 2 ½ hours

***Ge****neral Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of* ***12*** *questions divided into* ***4*** *Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of* ***4*** *printed pages.*

**खंड– क (अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न)**

**प्र.1** - निर्देश- अनुच्छेद के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए| 5

ओलंपिक खेलों का आयोजन सबसे पहले यूनान की राजधानी एथेंस में 1896 में किया गया था। ओलंपिया पर्वत पर खेले जाने के कारण इसका नाम ओलंपिक पड़ा। ओलंपिक खेलों का अपना एक ध्वज है। यह सफेद रंग का है। इस ध्वज में पाँच छोटे-छोटे गोल घेरे होते हैं। ये पाँच घेरे विश्व के पाँच महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका, यूरोप, आस्ट्रेलिया और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हैं। ओलंपिक खेल आरंभ होने से पहले एक मशाल जलाकर लाई जाती है। इस मशाल को ओलंपिया से चलते हुए उस नगर में लाया जाता है जहाँ ओलंपिक खेल हो रहे हैं। मेजबान देश का सर्वोच्च अधिकारी इन खेलों का उद्घाटन करता है।

इसके पश्चात् सभी देशों के खिलाड़ियों का मार्च पास्ट होता है। मार्च पास्ट में सबसे आगे एक खिलाड़ी ओलंपिक ध्वज लिए हुए चलता है। ओलंपिक ध्वज के पीछे खेलों में भाग लेने वाले देश के प्रमुख खिलाड़ी अपने-अपने देश का राष्ट्रीय ध्वज लिए हुए चलते हैं। यहाँ ओलंपिक मशाल के समक्ष खेल संबंधी नियमों की शपथ ली जाती है। इसके पश्चात् खेल आरंभ होता है। ओलंपिक खेलों का आयोजन चार साल के अंतराल के बाद होता है|

**क-** ओलंपिक खेलों का आयोजन पहली बार कहाँ हुआ था?

*फ्रांस में *एथेंस में *इटली में *भारत में

**ख-** ओलंपिक खेलों के ध्वज का रंग कैसा होता है?

*लाल *पीला *सफेद *नीला

**ग-** ओलंपिक खेलों के ध्वज में कुल कितने गोल घेरे होते हैं?

* दो *चार *पाँच *सात

**घ-** ओलंपिक खेल का आरंभ करने के लिए मशाल किस नगर से लाई जाती है?

*ओलंपिया *इटली *भारत *इंग्लैंड

**च-** ओलंपिक खेलों का आयोजन कितने सालों के अंतराल के बाद होता है?

* एक *दो *तीन *चार

**प्र.2-** निर्देश- दिए गए अनुच्छेद के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए| 5

लेखक आगे बढ़ा ही था कि बेर की झाड़ी पर से ओस की एक बूँद उसके हाथ पर आ पड़ी। उसके आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब उसने देखा कि मोती के समान वह बूँद उसकी कलाई पर से सरक कर उसके हथेली पर आ गई। उसकी दृष्टि पड़ते ही बूँद ठहर गई। थोड़ी देर में उसे सितार के तारों की-सी झंकार सुनाई देने लगी। उसने सोचा कि कोई सितार बजा रहा होगा। चारों ओर देखा। कोई नहीं। फिर उसे अनुभव हुआ कि वह स्वर उसकी हथेली से निकल रहा है। ध्यान से देखने पर मालूम हुआ कि बूँद के दो कण हो गए हैं और वे दोनों हिल-हिलकर वह स्वर उत्पन्न कर रहे थे|

**क-** बूँद किसके हाथ पर गिरी थी?

**ख-** बूँद को किसके समान बताया गया है?

**ग-** ओस की बूँद कलाई पर से सरक कर कहाँ पर आ गई?

**घ-** लेखक को किसके समान झंकार सुनाई देने लगी?

**च-** बूँद के कितने कण हो गए थे?

## खंड– ख (व्याकरण भाग)

**प्र.3.क-** किन्हीं दो शब्दों के एक-एक पर्यायवाची लिखिए– इच्छा, सागर, जल 2

**ख-** किन्हीं दो शब्दों के विलोम लिखिए– अंदर, राजा, अहिंसा 2

**ग-** किन्हीं दो शब्दों के लिंग बदलिए– मामा, मौसा, सेवक 2

**घ-** किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए- 2

अ- साथ पढ़ने वाला ब- जिसकी कोई सीमा न हो स- रात में घूमने वाला

**प्र.4 क-** किन्हीं दो उपसर्गों से एक-एक शब्द बनाइए- उप भर, प्रति 2

**ख-** किन्हीं दो प्रत्ययों से एक-एक शब्द बनाइए- इक , वान, आस 2

**ग-** किन्हीं दो शब्दों के एक-एक अनेकार्थी लिखिए– अंक, मत, गुरु 2

**घ-** किन्हीं दो मुहावरों से अलग-अलग वाक्य बनाइए- 2

आँखें खुलना , उल्लू बनाना , कीचड़ उछालना

**प्र.5 क-** किन्हीं दो शब्दों के भाववाचक संज्ञा लिखिए- अच्छा, सुंदर, दूर 2

**ख-** दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटिए- 2

अ- वह स्कूटी से स्कूल चली जाती है। ब- मेरा भाई मुंबई में रहता है|

**ग-** दिए गए वाक्यों में से कारक चिह्न छाँटिए - 2

अ- यह रमेश की पुस्तक है। ब- पेड़ से पत्ते गिरते हैं

## खंड-ग (पाठाधारित प्रश्न)

**प्र.6-** निर्देश- पाठों के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए| 6

**क-** बिना चले क्या नहीं मिलती है?

*आराम *मंजिल *संपति *बुद्धि

**ख-** विद्या-धन किसके बिना नहीं पा सकते?

*सागर के बिना *ज्योति के बिना *उद्यम के बिना *मंजिल के बिना

**ग-** विश्वंभर बाबू कहाँ जा रहे थे?

*कालाबाड़ी *विष्णुपुर *सप्तग्राम *डूंगरपुर

**घ-** विश्वंभर बाबू पेशे से क्या थे?

*शिक्षक *डॉक्टर *इंजीनियर *वकील

**ङ-** रोहन को कहाँ पहुँचने की जल्दी थी?

*बाज़ार *स्कूल *पार्क *घर

**च-** कौन-सा आसन सभी अवस्था के व्यक्तियों के लिए लाभदायक है?

*सूर्य नमस्कार *भुजंगासन *पद्मासन *मयूरासन

**प्र.7-** किन्हीं **6 प्रश्नों** के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए- 6

**क-** सफलता पाने के लिए क्या करना होता है?

**ख-** 'मूलमंत्र' कविता के अनुसार मोती कहाँ होते हैं?

**ग-** विश्वंभर बाबू किस पर सवार होकर जा रहे थे?

**घ-** कहार किसे देखते ही डरकर भाग गए?

**ङ-** विश्व योग दिवस कब मनाया जाता है?

**च-** योगासन के लिए लोग किस समय पार्क में जा रहे थे?

**छ-** योग के प्रारंभिक गुरु कौन थे?

**प्र.8-** किन्हीं **6 प्रश्नों** के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए- 12

**क-** ज्ञान के बिना क्या संभव नहीं है?

**ख-** क्या बिना चले मंज़िल तक पहुँचा जा सकता है?

**ग-**विश्वंभर बाबू ने घायल डाकुओं की मरहम पट्टी क्यों की?

**घ-**डॉक्टरी कहानी का प्रमुख पात्र आप किसे मानते हैं और क्यों?

**ङ-**योगाभ्यास खुले स्थान या हवादार कमरे में क्यों करना चाहिए?

**च-**योगाभ्यास किस समय करना चाहिए?

**छ-** विश्वंभर बाबू और शंभू ने मिलकर डाकुओं के साथ क्या किया?

**प्र.9-** किन्हीं **3 प्रश्नों** के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए- 9

**क-** अपनी इच्छा पूरी करने के लिए क्या करना ज़रूरी है? मूलमंत्र पाठ के आधार पर लिखिए|

**ख-** शंभू का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए|'डॉक्टरी' पाठ के आधार पर लिखिए|

**ग-** योग करते समय क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

**घ-** योग के निरंतर अभ्यास से क्या-क्या लाभ होते हैं?

## खंड घ- (रचनात्मक कार्य)

**प्र.10–** किसी एक विषय पर आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए| 5

क- 'कांति' टूथपेस्ट ख- 'केयर' लैपटॉप ग- 'रायल' कार

**प्र.11**- किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए| 5

क- मेरी माँ ख- मेरा विद्यालय ग- मेरा प्रिय खेल

**प्र.12**- दिए गए चित्र का वर्णन 30-40 शब्दों में लिखिए| 5



---☺☺☺☺☺---